तापमान
अधिकतम 29.8 डिग्री
न्यूनतम 10.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 23 फरवरी 2026

12 शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों...




12 ब्रह्माकुमारीज की शिक्षाओं का निचोड़, जीते जी अपनी...



### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन से मिला हसला का प्रतिनिधिमंडल

# बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित ड्यूटी के मानदेय में वृद्धि करने पर सहमति

3 हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) का प्रतिनिधिमंडल राज्य प्रधान सतपाल सिंधु के नेतृत्व में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा से भिवानी में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं एवं अंकन कार्य से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा प्राध्यापकों की लंबित एवं ज्वलंत मांगों को प्रमुखता से बोर्ड चेयरमैन के समक्ष रखा।

बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। राज्य महासचिव डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि चेयरमैन ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आश्वासन दिया कि प्राध्यापकों के हितों की रक्षा हेतु आवश्यक निर्णय यथाशीघ्र लिए जाएंगे। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि बैठक में बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित सभी प्रकार की ड्यूटी के मानदेय में वृद्धि करने पर सहमति बनी। बोर्ड प्रैक्टिकल ड्यूटी का मानदेय न्यूनतम 300 रुपये निर्धारित करने पर सकारात्मक सहमति व्यक्त की गई। स्टेशनरी भत्ता 60 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये किए जाने का भी निर्णय लिया गया। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान केंद्र अधीक्षक को 20 किलोमीटर तक 240 रुपये तथा 20 किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर 12 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से अतिरिक्त यात्रा भत्ता प्रदान करने पर सहमति बनी।

सिंगल एग्जामिनर व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक 5 सिंगल एग्जामिनर पर 1 सीए नियुक्त किए जाने पर सहमति बनी। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन पारिश्रमिक में 2 रुपये प्रति कॉपी की वृद्धि करने का आश्वासन दिया गया। कंप्यूटर तथा शारीरिक शिक्षा विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पीजीटी कंप्यूटर साइंस से करवाए जाने पर सहमति बनी।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा से मिलता प्रतिनिधिमंडल। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हसला राज्य महासचिव डॉ तरसेम कौशिक, कुरुक्षेत्र जिला महासचिव जय प्रकाश, जिला प्रेस सचिव संजीव जिंदल, वित्त सचिव अली शेर, प्राचार्य बंसी लाल, महेंद्र मान जिला प्रधान भिवानी, सुखबीर जिला प्रधान हिसार, राजीव मलिक जिला प्रधान कैथल, जगदीश लठवाल जिला प्रधान सोनीपत, डॉ कप्तान संरक्षक, ईश्वर ढांडा कन्वीनर, अजमेर सिंह सह सन्यवक, कृष्ण सह सलाहकार , दीपक छारा राज्य संगठन सचिव, विक्रम सिसाय प्रदेश प्रवक्ता, सोहन पाल उप महासचिव, सुरेंदर परमार सह सचिव, नीलम कुंडू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, श्याम सुंदर स्यंयुक्त सचिव, प्रद्युमन कानूनी प्रकोष्ठ, सतपाल पारिख सह सन्यवक, डॉ रविंदर चौहान सयुक्त सचिव, अशोक पहल सचिव, प्रवेश जिला उपाध्यक्ष, डॉ प्रदीप लौरा सलाहकार, पवन ब्लॉक प्रधान बाढ़डा, सुशीला ब्लॉक प्रधान हिसार उपस्थित रहे।

## चैत्र चौदस मेले में भारतीय औदीच्य ब्राह्मण व्यास सभा कार्यकारिणी का गठन होगा

**पिहोवा।** उत्तर भारतीय औदीच्य ब्राह्मण व्यास सभा पिहोवा में कार्यकारिणी द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रधान सुरेश व्यास धनोरी द्वारा की गई व मीटिंग का संचालन महासचिव राकेश व्यास क्योड़क द्वारा किया गया। मीटिंग के अंदर चैत्र मास में पिहोवा में होने वाले वार्षिक चैत्र मेले के आयोजन बारे विचार किया गया। प्रधान सुरेश व्यास धनोरी ने बताया गया कि वार्षिक चैत्र चौदस मेला 16 व 17 मार्च 2026 को पिहोवा में आयोजित होगा। चैत्र मेले के अवसर पर धर्मशाला में सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन और 17 मार्च को औदीच्य ब्राह्मण व्यास सभा की त्रिवार्षिक सम्मेलन करके नई कार्यकरिणी का गठन भी किया जाएगा। इस मीटिंग के दौरान तरुण व्यास सग्गा, सत्यनारायण व्यास शास्त्री सनौली ,मदनलाल व्यास क्योड़क, रामनिवास व्यास कुरुक्षेत्र ,रामकुमार शास्त्री पिहोवा ,सुरेंद्र व्यास बबली कुश व्यास कुरुक्षेत्र ,सोनू व्यास अंगोध, जयप्रकाश व्यास मटौर, कृष्ण व्यास चंडीगढ़, राकेश व्यास क्योड़क महासचिव आदि उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप

#### ट्रैक पर जख्मी मिले युवक की मौत

**अंबाला।** रेल लाइन पर मिले घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान चंडीगढ़ में मौत हो गई। जीआरपी की मुख्य सिपाही नीरू ने बताया कि हादसा 19 फरवरी को हुआ था और घायल को अंबाला के नागरिक अस्पताल से चंडीगढ़ रेफर कर दिया था। यहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की उम्र लगभग 30-32 वर्ष है। शिनाख्त न होने के कारण शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रखवा

#### भारत नवनिर्माण सेना में 27 को बलिदान दिवस

**इंद्री।** भारत नवनिर्माण सेना के प्रदेशाध्यक्ष पंडित धर्मपाल शांडिल्य की अध्यक्षता में 27 फरवरी को शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस हर वर्ष की तरह ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री मे मनाया जाएगा । पंडित धर्मपाल शांडिल्य ने बताया कि 27 फरवरी को ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री में शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया जाएगा । कार्यक्रम मे सुबह 9 बजे हवन किया जाएगा और सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस कार्यक्रम में सभी राजनीतिक, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के लोगों सहित कई गणमान्य व्यक्ति पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

#### अंबाला में चोर गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

**अंबाला।** एवीटी टीम ने थाना अंबाला कैंट में दर्ज कार चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए तीन अंतरराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पटियाला के विनित गौत्तम, शुभम गौत्तम यूपी के तौसिफ के तौर पर हुई है। एवीटी प्रभारी ऋषिपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता कुलविंदर सिंह ने 15 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि इंदिरा पार्क के पास से उनकी कार किसी ने चोरी कर ली है। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया था। आरोपियों के खिलाफ अंबाला और आसपास के क्षेत्रों में गाड़ी चोरी के कई अन्य मामले दर्ज हैं।

### यमुनानगर और कुरुक्षेत्र में तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले पांच आरोपियों को पकड़ा

**एंटी नारकोटिक सेल की टीम की दुर्गा गार्डन कॉलोनी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने शहर की दुर्गा गार्डन कॉलोनी क्षेत्र से नशा तस्करी के आरोप में पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक क्षेत्र में नशा तस्करी का धंधा करते थे। पुलिस ने पांचो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया।

जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि टीम को काफी समय से शिकायतें मिल रही थीं कि दुर्गा गार्डन में कुछ लोग युवाओं को नशीले पदार्थ बेच रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार, एएसआई जसवीर सिंह, हैप्पी, राजेंद्र सिंह, पंकज, कर्मबीर, अमित और ललित की टीम का गठन किया गया। टीम ने देर रात छापेमारी कर पांच आरोपियों को काबू किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित उर्फ लुम्बा, प्रिंस उर्फ बोनी, आशिफ, दीपक उर्फ बिंडा और गौरव उर्फ हन्नी के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि 14 फरवरी को एंटी नारकोटिक सेल ने दुर्गा गार्डन निवासी अंकुश उर्फ कुश को 70 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में अंकुश ने खुलासा किया था कि वह हेरोइन मोहित उर्फ लुम्बा से लेकर आया था।

इसके बाद पुलिस ने मोहित को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में खुलासा हुआ कि मोहित उत्तर प्रदेश से हेरोइन लाकर स्थानीय स्तर पर प्रिंस, आशिफ, दीपक और गौरव को सप्लाई करता था। ये सभी आरोपी दुर्गा गार्डन क्षेत्र में युवाओं को नशीले पदार्थ बेचते थे। जिससे क्षेत्र के युवा नशे की चपेट में आ रहे थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।




यमुनानगर। एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा नशा तस्करी के आरोप में पकड़े गए आरोपी युवक। *फोटो : हरिभूमि*

#### पूछताछ की जा रही

इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि फिलहाल आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। यदि जांच के दौरान किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

#### 15 लाख की 286 ग्राम हरोइन बरामद

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी सूरज वासी हाजीपुर जिला पटियाला पंजाब को काबू करके उसके कब्जा से 286 ग्राम हैरोइन/चिट्टा बरामद किया है। एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने आगामी तफ्तीश करते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी सुरजीत सिंह वासी बुट जिला कपूरथला पंजाब को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक रणधीर सिंह, मुख्य सिपाही आजाद सिंह, मनदीप सिंह, विक्रम सिंह, महिला सिपाही सरिता व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही प्रवीन कुमार की टीम बस अड्डा गांव बोधनी के पास मौजूद थी। पुलिस पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि सूरज वासी हाजीपुर पटियाला पंजाब हैरोइन/चिट्टा बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव बोधनी गुरूद्वारे के पास निगरानी रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस एक नौजवान लड़का मोटरसाइकिलपर आता हुआ दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम ने शक के आधार पर काबू करके राजपत्रित अधिकारी के सामने लडके की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से करीब 15 लाख रुपए कीमत की 286 ग्राम हैरोइन/चिट्टा व मोटरसाइकिल बरामद की हुई। एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी सुरजीत सिंह वासी बुट जिला कपूरथला पंजाब को काबू कर लिया है।

#### पहले भी मामले दर्ज: सतविन्द्र

जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी सूरज वासी हाजीपुर जिला पटियाला पंजाब के खिलाफ पंजाब में एनडीपीएस का मामला दर्ज है। आरोपी मामले में गिरफ्तार है चुका है तथा पटियाला जेल से जमानत है। एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी ने बताया कि आरोपी सुरजीत सिंह वासी बुट जिला कपूरथला पंजाब के खिलाफ भी कपूरथला में एनडीपीएस का मामला दर्ज है।

## विधायक रामकुमार ने हर्बल पार्क का निरीक्षण कर किया पौधरोपण

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने हर्बल पार्क इंद्री का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधारोपण किया। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रदेशभर में हरित अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को हल्के के जन-जन तक पहुंचाया जाएगा ताकि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखा जा सके। उन्होंने कहा कि हर्बल पार्क केवल सैर-सपाटे का स्थान नहीं है, बल्कि यह हमारी समृद्ध आयुर्वेदिक परंपरा और प्राचीन प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति का जीवंत प्रतीक है। विधायक ने कहा पौधरोपण महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प है। हम सभी का यह नैतिक दायित्व है कि हम न केवल अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं, बल्कि एक अभिभावक की तरह उनकी नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करें। उन्होंने हल्का वासियों से अपील की कि प्रत्येक नागरिक इंद्री को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान दे।



इंद्री। हर्बल पार्क इंद्री मे पौधरोपण करते विधायक रामकुमार कश्यप।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर नपा चेयरमैन राकेश पाल, अमित गोयल, विजय कश्यप, रघुवीर बतान, राजेंद्र मिढा, जगदीश गोयल, पालाराम, सेठपाल वर्मा, विनोद दीवान, बलविंदर कटारिया, जयप्रकाश बंसल, बालकिशन लांबा व अनुज गर्ग सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इंतजार हत्याकांड की जांच शुरू

## जौरासी खास के खेतों में रजवाहे के पास खून से लथपथ मिला था शव

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने इंतजार निवासी गांव चुलकाना की हत्या के केस की जांच नए सिरे से चालू की है। इंतजार पेशे से मजदूर था और वहीं, वह बुधवार से लापता था। इधर, पत्नी जब इंतजार की गुमशुदी की शिकायत लेकर थाना पहुंची तो वहां पुलिस ने गांव जौरासी खास के खेतों में रजवाहे के पास खून से लथपथ हालत में मिले युवक के शव का फोटो दिखाया। वहीं, मृतक की शिनाख्त इंतजार के रूप में उसकी पत्नी ने की। इधर, थानेदार समालखा ने बताया कि इंतजार के मौत के मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## अंबाला: ट्रेन यात्रियों का कीमती सामान चोरी, जीआरपी ने केस की जांच शुरू की

**अंबाला।** अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से गुजर रही दो ट्रेनों में चोरों ने यात्रियों के सोते समय कीमती सामान, मोबाइल और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। जीआरपी ने दोनों मामलों में जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ट्रेन संख्या 11078 झेलम एक्सप्रेस के कोच ए-1 में हुई। इटारसी के शेख सफीक अपने परिवार के साथ जम्मू से यात्रा कर रहे थे। सुबह करीब 6:40 बजे जब ट्रेन अंबाला स्टेशन से गुजर रही थी, तब उनकी पत्नी शबनम के सिरहाने रखा पर्स गायब मिला। पर्स में मोबाइल, 15 हजार रुपये नकद, आधार कार्ड और जरूरी दवाइयां थीं। दूसरी घटना दिल्ली से चंडीगढ़ जा रही ट्रेन संख्या 14217 ऊंचाहार एक्सप्रेस में हुई। बिहार के दरभंगा की रहने वाली मनीषा कुमारी अपने पति के साथ कोच एम-1 में सफर कर रही थीं। अंबाला कैंट के नजदीक चोरों ने उनका हैंडबैग चोरी कर लिया। बैग में सोने के गले का सेट, मोबाइल चार्जर और नकदी थी।

## यमुनानगर में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

■ पुलिस ने आरोपी युवक पर किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर गांव की ही एक युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके 24 वर्षीय लड़की 21 फरवरी को सुबह नौ बजे घर से किसी काम से बाहर गई थी। इसके बाद वापस घर नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उन्हें अपनी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को गांव का ही सागर शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सागर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा सदर थाना पुलिस के अंतर्गत तेज रफ्तार कार चालक ने बुलेट मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों दोस्त मोटरसाइकिल पर संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में माथा टेकने आए थे और वापस अपने घर जा रहे थे। मृतक की पहचान गांव भौर सैयदां निवासी 28 वर्षीय अमन के रूप में हुई। राहुल मजदूरी करता है। एक्सीडेंट में जख्मी उसके दोस्त सोहन लाल का आदेश मेडिकल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना शनिवार देर शाम हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

#### मंदिर में माथा टेक कर बुलेट पर घर लौट रहे थे

पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। राहुल ने पुलिस को बताया कि वह गांव टीकरी गांव से अपना काम निपटाकर अपनी मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। रास्ते में अरुणाय गांव के शिव मंदिर के पास उसने अपने बड़े भाई अमन कुमार और उसके दोस्त गांव के ही सोहन लाल को देखा। दोनों मंदिर में माथा टेक कर बुलेट पर घर लौट रहे थे। उसने उन दोनों से बातचीत भी की। सोहन लाल मोटरसाइकिल चला रहा था और उसका भाई अमन पीछे बैठा था। वे अपनी मोटरसाइकिल पर उससे आगे चल रहे थे। जैसे ही वे गांव सैंसा से पहले माता मंदिर के पास पहुंचे। तभी सैंसा की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सोहन और अमन मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर पड़े। उसने अपनी मोटरसाइकिल साइड में रोककर उन्हें संभाला। ड्राइवर भी अपनी कार रोक कर नीचे उतरा, लेकिन उनको देख कर कार लेकर भाग गया। हादसे में अमन के सिर पर गंभीर चोटें आईं और सोहन के सिर व टांग में काफी चोटें लगीं। उसने राहगीरों की मदद से दोनों को प्राइवेट गाड़ी में डालकर पिहोवा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने अमन को चेक करते ही मृत घोषित कर दिया। सोहन की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे शाहाबाद के आदेश मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर केस दर्ज कर लिया।

## विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 3.20 लाख रुपये

■ पुलिस ने दो आरोपियों पर किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर जगाधरी की अशोक विहार कॉलोनी निवासी कशिश से तीन लाख 20 हजार रुपए हड़प लिए गए। आरोप गुजरात के अहमदाबाद की नई फैसल नगर निवासी सलमान खान व उत्तर प्रदेश के जालौन निवासी शाहरुख खान पर लगा है। अशोक विहार कॉलोनी जगाधरी निवासी कशिश ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नवंबर 2024 में वह विदेश जाना चाहता था। इस दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी जानकारी गुजरात के अहमदाबाद निवासी सलमान खान व उत्तर प्रदेश के जालौन निवासी शाहरुख खान के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देंगे। इस दौरान आरोपियों ने उससे तीन लाख 20 हजार रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए और उसके दस्तावेज ले लिए। मगर इसके बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से संपर्क किया तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित

# हर गांव का विकास, हर हाथ में रोजगार का लक्ष्य: कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रदेश में विकास योजनाएं व घोषणाएं तो पहले भी हुईं पर वे कागजों तक सीमित रही। उन्हें लागू करने के लिए न तो दृढ़ संकल्प होता था और न मेहनत की जाती थी। आज योजनाओं पर अमल भी हो रहा है और इनका लाभ हर वर्ग को मिले इसके लिए पीएम व सीएम लगातार मेहनत कर रहे हैं। पिछले 11 सालों में घरौंडा हलके में विकास के अनेक कार्य कराए गए हैं। भविष्य में विकास की गति को और तेज किया जाएगा। हर गांव का विकास और हर व्यक्ति के हाथ में रोजगार हो, यह हमारा लक्ष्य है। कल्याण घरौंडा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को चेक वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने 49 लाभार्थियों को 23 लाख 62 हजार 322 के राज्य सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, विद्युत निगम के एसडीएम सुरेंद्र सिंह, चांद सांगवान, दीपक गर्ग, निर्मल बैरागी, मार्केट कमेटी चेयरमैन राजकुमार पालीवाल मौजूद रहे।



।घरौंडा। हरियाणा विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण लाभार्थी को सब्सिडी का चेक सौंपते हुए।

#### कर्मियों को ब्याज मुक्त ऋण

इस मौके पर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई नसीब सिंह श्योकंद ने बताया कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों के लिए भी सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर 19 हजार 500 रुपये प्रति किलोवाट ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए यह जरूरी है कि कर्मचारी तीन साल से नियमित रूप से बिजली बिलों की अदायगी कर रहा हो। ऋण की राशि दो साल में बिजली बिलों के साथ जोडक़र वसूल की जाएगी। कार्यकारी अभियंता राजीव ढिल्लों ने भी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि क्षेत्र के 900 परिवार अब तक योजना का लाभ उठा चुके हैं।

#### सौर ऊर्जा क्षेत्र में भी प्रगति

विस अध्यक्ष ने कहा कि आज देश सौर ऊर्जा क्षेत्र में आगे बढ़ चुका है। सरकार ने हर घर पर सोलर प्लेट लगाने की योजना बनाई है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छत पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। एक किलोवाट के लिए केंद्र द्वारा 30 हजार, राज्य द्वारा 25 हजार, 2 किलोवाट के लिए केंद्र द्वारा 60 हजार, राज्य सरकार द्वारा 50 हजार और 3 किलोवाट के लिए केंद्र द्वारा 78 हजार की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश के जिन लोगों की सालाना आय 1.80 लाख रुपये है वे इस सब्सिडी के लिए पात्र हैं। इसके अलावा जिन लोगों की आय 1.80 से तीन लाख सालाना है उन्हें योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा एक किलोवाट के लिए 10 और दो किलोवाट के लिए 20 हजार की सब्सिडी दी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### सफाई कर मनाया बाबा हरदेव का जन्म उत्सव

तरावड़ी। संत निरंकारी मिशन ब्रांच तरावड़ी द्वारा सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज के जन्म उत्सव के पावन अवसर पर नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरुआत नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तरावड़ी से की गई, जहां मिशन के सेवादारों और श्रद्धालुओं ने परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। सुबह से ही निरंकारी पंथ के अनुयायी हाथों में झाड़ू, फावड़े और सफाई उपकरण लेकर अस्पताल परिसर में जुट गए। सेवादारों ने अस्पताल के अंदर और बाहर फैली गंदगी, सूखे पत्तों व कचरे को एकत्रित कर साफ किया। इस पुनीत कार्य में नगर पालिका के कर्मचारियों ने भी सक्रिय सहयोग दिया और कचरे के निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की। इस अवसर पर निरंकारी भवन तरावड़ी शाखा के मुखिया संदीप पसरीचा ने कहा कि बाबा हरदेव महाराज ने मानवता, सेवा और स्वच्छता का संदेश दिया है।

### संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सदरपुर गांव में विराट हिंदू सम्मेलन

# महिलाएं राष्ट्र को सशक्त बनाने में दे सकती हैं अहम योगदान :स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर सकल हिन्दू समाज द्वारा सदरपुर मंडल के सदरपुर गांव में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 851 ग्रामीणों ने भागीदारी की। इस अवसर पर स्वामी माधव आचार्य व सेवा भारती के प्रान्त संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार,खण्ड प्रचार प्रमुख लखविंदर कालड़ा, सह खंड कार्यवाह संदीप कुमार ने माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हिन्दू सम्मेलन की विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह में भारी उत्साह देखने को मिला, जो संघ शताब्दी वर्ष के महत्व को दर्शा रहा था। सदरपुर गांव में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सेवा भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार ने हिंदू चेतना को जागृत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत कोई सामान्य भूमि का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह वह पुण्य धरा है जहाँ का सनातनी हिंदू सदैव 'विश्व कल्याण' की भावना से ओतप्रोत रहता है। उन्होंने इतिहास के कठिन कालखंडों और राष्ट्र पर हुए विदेशी अत्याचारों का स्मरण कराते हुए समाज को सीखने का आह्वान किया। संघ के 'पंच परिवर्तन' के संकल्प सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली और नागरिक कर्तव्य को उन्होंने समाज शक्ति के माध्यम से लागू करने की बात कही। जितेंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि जिस दिन समस्त हिन्दू समाज जागृत हो जाएगा उस दिन भारत को विश्व शक्ति और विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। स्वामी माधव आचार्य ने अपने विचार रखते हुए सभी को सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिंदू सम्मेलनों की महत्ता बढ़ गई है क्योंकि हमें जाति और वर्ग के भेदों को मिटाकर एक सूत्र में पिरोना होगा। उन्होंने माताओं और बहनों से विशेष अपील की कि वे अपनी पुरानी संस्कृति और संस्कारों की संवाहक बनें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को श्रेष्ठ शिक्षा मिल सके। सम्मेलन में उन्होंने पावन पुण्य भूमि की महिमा का भी गुणगान किया।



#### कुटुंब प्रबोधन के बारे में दी विस्तृत जानकारी

स्वामी माधव आचार्य ने कहा कि महिलाएं केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की भी पोषक और वाहक हैं। उन्होंने 'कुटुंब प्रबोधन' के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि एक जागरूक महिला किस प्रकार राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना अमूल्य योगदान दे सकती है। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन और पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण पर बल दिया।



#### इन्हें किया गया सम्मानित

सम्मानित हुए सबसे कम आयु की सरपंच डॉ.शीतल ,अशोक पर्वतारोहि, रजत पदक विजेता और संत राजीव दास, सरदार गुर्जेन्ट सिंह, सरदार बलदेव बाजवा, अधिवक्ता सतीश आर्य ,तुलसीदास , सोनू पीर बड़ोंली, संदीप भरतपुर, सतीश तारपुर, ओमबीर व अंग्रेज उपस्थित रहे।



करनाल। विवाह समारोह में विधायक योगेंद्र राणा के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

# विधायक योगेंद्र राणा के पुत्र के विवाह समारोह में पहुंचे सीएम

- असंध अनाज मंडी में आयोजित समारोह में हजारों अतिथियों की रही उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विधायक योगेंद्र राणा के पुत्र दक्ष राणा के विवाह के उपलक्ष्य में असंध अनाज मंडी में आयोजित समारोह में पहुंचे। उन्होंने परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए दक्ष राणा को आगामी वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया तथा गीता भेंट की। इस अवसर पर हजारों की संख्या में अतिथियों ने पहुंचकर विधायक योगेंद्र राणा को शुभकामनाएं दीं। समारोह में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, गवर्नमेंट चीफ व्हीप एवं इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, पूंडरी विधायक सतपाल जंबा, नगर निगम करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, नगर पालिका असंध की चेयरपर्सन सुनीता अरडाना सहित अनेक राजनीतिक हस्तियाँ एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजरानिया, उपमंडल अधिकारी राहुल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव में बही प्रभु भक्ति की बयार

### 1 मार्च तक चलेगा संकीर्तन, देश-प्रदेश से पहुंचे गायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्याम बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया है। महोत्सव 1 मार्च तक चलेगा। संकीर्तन प्रतिदिन सायं छह बजे से रात्रि दस बजे तक आयोजित किया जा रहा है। करनाल व हरियाणा सहित अन्य राज्यों से भी भजन गायकों को आमंत्रित किया गया है। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। महोत्सव के चौथे दिन सन्नी निज़ावन और आशीष सागर स्नेह बंधु ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने "तेरा साथ है तो मुझको क्या फिक्र हैङ्क", "काम तो श्याम ही आएंगेङ्क" तथा "आपकी शरण में आकर मशहूर हो गयाङ्क" जैसे भजन प्रस्तुत किए। राम नाम की महिमा और बालाजी महाराज के भजन भी गाए गए। मंदिर में उपस्थित श्रद्धालु दोनों हाथ उठाकर खाटू श्याम के जयकारे लगाते रहे। श्री महामाया बालासुंदरी मंदिर, त्रिलोकपुर से मुख्य पुजारी श्री आशु भगत जी का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। मोहित चौधरी (न्यायाधीश, दुमका) भी परिवार सहित बाबा के दरबार में उपस्थित हुए। श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति, करनाल तथा श्री सीता राम हनुमान सभा, करनाल के सेवाधारियों ने भी दर्शन किए। मंडल परिवार से गुरदियाल अग्रवाल, अजय सैनी, मोहन लोधी, मुकेश गर्ग, पंकिल गोयल आदि रहे।

### बड़ी उपलब्धि पर समारोह में किया सम्मानित

# करनाल की बेटी अंजलि असिस्टेंट प्रोफेसर बनीं



घरौंडा। सेवा भाव समिति हरियाणा द्वारा घरौंडा के गांव कोन्हड करनाल की होनहार बेटी अंजलि भौमिक के असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होने पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने अंजलि को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समिति के सदस्यों ने कहा कि अंजलि भौमिक की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव और जिले के लिए गर्व का विषय है। उनकी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों ने यह सिद्ध कर दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। इस तरह की उपलब्धियां समाज में अन्य बेटियों को भी उच्च शिक्षा और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में भाई अक्षय कोन्हड ने समिति के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि समिति द्वारा प्रतिभाओं को सम्मानित करना एक सराहनीय पहल है। प्रदेश अध्यक्ष ममता बालू ने कहा कि सेवा भाव समिति हरियाणा लगातार सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रही है तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जसमेर सिंह बुढ़नपुर वीरान, प्रदीप (काकू) सौंकड़ा, देवेंद्र राणा करनाल, रवि चढ़ा मुबारकाबाद, गुरदीप सिंह टांक, राहुल अजन्थली, मनदीप टांक बालू, अशोक कुमार सांभली, प्रवीण पियोंत सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका पर हुआ विशेष व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। पौधा भेंट कर डॉ. शालू सचदेवा का स्वागत करती प्राचार्या एवं इतिहास विभाग की अध्यापिकाएं। फोटो : हरिभूमि

कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में इतिहास विभाग द्वारा "परंपरा से परिवर्तन तकः भारतीय समाज में महिलाएं" विषय पर विस्तार व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय समाज में महिलाओं की ऐतिहासिक यात्रा, बदलती भूमिका और उनके महत्त्वपूर्ण योगदान से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. शालू सचदेवा, सहायक प्राध्यापिका, इतिहास विभाग, एस. डी. कन्या महाविद्यालय, नरवाना, जींद उपस्थित रहीं। उनके महाविद्यालय आगमन पर प्राचार्या श्रीमती मीनू शर्मा तथा इतिहास विभागाध्यक्षा एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रेनू बालियान ने पौधा भेंट कर हरित स्वागत किया। प्राचार्या श्रीमती मीनू शर्मा ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि यह विषय छात्राओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि महिलाएँ आज समाज में परिवर्तन की अग्रदूत बन रही हैं और शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। डॉ. रेनू बालियान ने कहा कि यह व्याख्यान छात्राओं के समक्ष भारतीय समाज में महिलाओं की ऐतिहासिक यात्रा को व्यापक एवं गहन परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करेगा।

डॉ. शालू सचदेवा ने अपने व्याख्यान में वैदिक काल से लेकर आधुनिक युग तक भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति का ऐतिहासिक विश्लेषण प्रस्तुत किया। अपने अधिकारों के लिए सजग व दृढ़ रहना चाहिए।

### फूलों की होली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

# ब्राह्मण कल्याण मंच ने होली उत्सव धूमधाम से मनाया



करनाल। ब्राह्मण कल्याण मंच की ओर से सेक्टर नौ स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के प्रधान ऋषि दयानंद शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी कुलदीप पंडित प्यारेलाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रधान सारस्वत ब्राह्मण सभा करनाल सुभाष चंद्र शर्मा, सारस्वत ब्राह्मण सभा सेक्टर आठ के प्रधान राजेश शर्मा तथा मॉडल टाउन ब्राह्मण सभा के प्रधान विजय मेहता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश, भगवान परशुराम एवं माँ सरस्वती के स्वरूप पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। उपस्थित सभी को चंदन का तिलक लगाया गया तथा फूलों की होली खेली गई। सुदर्शन शास्त्री ने प्रह्लाद की कथा का वर्णन किया। मंच संचालन प्रो. राजेंद्र गौड़ ने किया और सनातन धर्म व हिंदू संस्कृति पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष एस. के. शर्मा ने नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने हेतु पुस्तिकाएँ प्रकाशित कर वितरित करने का प्रस्ताव रखा। राजेश शर्मा ने समाज में ज्ञान और सदाचार बढ़ाने का आह्वान किया। सुलोचना शर्मा ने होली गीत प्रस्तुत किए। लक्की ड्रा द्वारा प्रो. राजेंद्र गौड़, डॉ. एस. एन. शर्मा, पंडित जयकरण शर्मा, श्याम लाल शर्मा और रेखा शर्मा को उपहार प्रदान किए गए।

# मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत विशेष योग शिविर

### बेहतर स्वास्थ्य के लिए लिया योग का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। कैनरा बैंक के अंचल कार्यालय में योगाभ्यास करते अधिकारी एवं कर्मचारी।

मेरा मिशन स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत कैनरा बैंक के अंचल कार्यालय, करनाल में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बैंक के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया तथा सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

कैनरा बैंक के अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक जी. ए. अनुपम के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक श्री दीपक शुक्ला तथा क्षेत्रीय प्रमुख श्री डी. वी. के. फणीन्द्र कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

महाप्रबंधक श्री जी. ए. अनुपम ने प्रतिस्पर्धात्मक कार्य वातावरण में उत्तम स्वास्थ्य के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग को नियमित अभ्यास के रूप में अपनाना चाहिए। दिनेश गुलाटी ने योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए उनके लाभ बताए। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक क्षमता को भी बढ़ाता है, कार्यक्षेत्र में समन्वय स्थापित करता है।

### अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस मनाया

करनाल। गुरु नानक खालसा महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पंजाबी विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के अवसर पर कविता उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एम.ए. पंजाबी, बी.ए., बी.कॉम सहित विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने सभी को मातृ भाषा दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि वर्ष 1999 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन द्वारा यह प्रस्ताव पारित किया गया था। तब से प्रत्येक वर्ष 21 फरवरी को यह दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों से जोड़ता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1952 में बांग्लादेश में हुए भाषा आंदोलन की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है।

# सुर सागर कला मंच की संगीत संध्या में गूंजे नए-पुराने तराने



करनाल। सुर सागर कला मंच की ओर से अल्फा सिटी स्थित एक निजी होटल में संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गीतकार इंदीवर, स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर, ग़ज़ल गायक जगजीत सिंह तथा गायक भूपिंदर सिंह की स्मृति को समर्पित था। मुख्य अतिथि उद्योगपति गौरव गोयल और आकाश गोयल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच के सूत्रधार जितेंद्र गर्ग सहित सभी सदस्यों ने अपने मधुर गीतों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। पूनम गोयल के आतिथ्य सत्कार, अंजू शर्मा के सशक्त मंच संचालन तथा डॉ. एस. के. शर्मा की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जितेंद्र गर्ग ने "दुल्हन चली हाँ पहन चलीङ्क", गुरप्रीत सिंह ने "दिल ऐसा किसी ने मेरा तोड़ाङ्क", प्रीटी भारती एवं प्रदीप भारती ने "गापू जी गापू जो गम गमङ्क", पूनम गोयल ने "कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलताङ्क", डॉ. संकेत ने "थोड़ा रुक जाएगी तोङ्क" तथा रविंद्र ढल ने "नदिया चले चले रे धाराङ्क" प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पंकज भारती, वंशिका मदान, विनोद भास्कर, राजीव सुनेजा, रविंद्र ढल, कमलजीत कौर, श्वेता, सीमा हंस, सीमा जावा, प्रणव जावा, हरीश कौशिक, आदित्य, विनोद शर्मा, जतिंद्र मूटरेजा, रचना, सुभाष कमल, डॉ. पारुल भार्गव तथा परीक्षित भार्गव सहित अनेक कलाकारों ने गीत प्रस्तुत किए।

**दुश्वारी** | गंदगी के ढेरों में तब्दील हुआ घरौंडा, बीमारियों का बढ़ा खतरा

# नगर पालिका में कुल 42 कर्मचारी कार्यरत जिनमें से 21 कर्मचारी संभाल रहे शहर की सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



शहर की सफाई व्यवस्था इन दिनों चरमराई हुई नजर आ रही है। मुख्य बाजारों से लेकर विभिन्न वार्डों की गलियों तक कूड़े के ढेर आम दृश्य बन चुके हैं। कई स्थानों पर कई कई दिनों तक कूड़ा न उठने से दुर्गंध फैल रही है। जिससे दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल हो गया है। गंदगी के कारण मच्छरों और मक्खियों की संख्या बढ़ रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। शहरवासियों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह सुस्त पड़ चुकी है। पहले जहां रोजाना सफाई कर्मचारी वार्डों में पहुंचकर झाड़ू लगाते और समय पर कूड़ा उठाते थे, वहीं अब कई इलाकों में सफाई का नामोनिशान तक नहीं दिखता। नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं, जिनकी सफाई न होने से पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### पालिका की लापरवाही आमजन पर भारी

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। वार्डों में कूड़ा समय पर न उठने से आवारा पशु भी कूड़े में मुंह मारते नजर आते हैं, जिससे गंदगी और फैल रही है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। हालांकि, शहरवासियों का कहना है कि आश्वासन अब बहुत हो चुके हैं, जरूरत है जमीनी स्तर पर त्वरित कार्रवाई की। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ठोस कदम उठाएगा, अन्यथा बढ़ती गंदगी शहर की सेहत पर भारी पड़ सकती है।


### प्रो. डॉ. रामपाल सैनी उच्च शिक्षा परिषद के सदस्य नामित

करनाल। डी.ए.वी. पीजी कॉलेज, करनाल के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रामपाल सैनी को हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह दायित्व हरियाणा सरकार द्वारा उन्हें सौंपा गया है। वर्तमान में




वे चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति पद का दायित्व भी संभाल रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर महाविद्यालय की प्रबंधक समिति, अध्यापकगण एवं कर्मचारी वर्ग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था के समग्र विकास हेतु गठित एक महत्वपूर्ण वैधानिक निकाय है। परिषद विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के मध्य समन्वय स्थापित करने, शैक्षणिक मानकों की समीक्षा, नीतिगत सुझाव देने, वित्तीय सहायता के वितरण को सुव्यवस्थित करने तथा अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने का कार्य करती है। प्रो. सैनी चार दशकों से अधिक अनुभव वाले शिक्षाविद् हैं।

### सेक्टर-8 श्री राम मंदिर में श्रद्धा भाव से पंचामृत अभिषेक



करनाल। श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में प्रत्येक रविवार की भांति भगवान भोलेनाथ का पंचामृत से अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से शिवलिंग का स्नान कराया। शिव स्तुति, पंचाक्षरी मंत्र एवं 'ॐ नमः शिवाय' का जाप किया गया। पंडित हरीश आचार्य ने विधिपूर्वक पूजन संपन्न कराया। पुष्पों से सुसज्जित शिवलिंग का दिव्य रूप श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर रहा था। भजन संध्या में अनु खट्टर ने "बना दो मेरी बिगड़ी ओ भोले बाबाङ्क" तथा संगीता बत्रा ने "पलके ही पलके बिछाएंगेङ्क" भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मीरा सिंह, मुरारी बत्रा, सुरेंद्र गुप्ता, रविंद्र बत्रा, संजीव कुमार ढींगरा, उषा ढींगरा, चंद्र अरोड़ा, चंद्र बत्रा, संतोष, सर्वेश, दिलीप गांधी, अंजू अरोड़ा एवं नीरज कपूर उपस्थित रहे।

### कवि कृष्ण कुमार निर्माण निराला हरियाणा साहित्य रत्न सम्मान से अलंकृत



करनाल। शिक्षा विभाग, हरियाणा में द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी तथा हिंदी-हरियाणवी के कवि एवं लेखक कृष्ण कुमार निर्माण को कलानौर (रोहतक) में आयोजित भव्य समारोह में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी एवं निराला साहित्यिक एवं कला मंच द्वारा 'निराला हरियाणा साहित्य रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। सम्मान उन्हें हरियाणवी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। उनकी प्रमुख कृतियों में 'बखत-बखत की बात', 'बखत-बखत के बोल', 'मन कै जाल्लै' तथा 'घणा बदलग्गा यार जमाना' शामिल हैं। अब तक उनकी कुल दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें चार हरियाणवी और छह हिंदी भाषा की हैं।

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमलावर गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप की इंदिरा विहार कॉलोनी में रविंद्र पर पिस्तोल से गोली चला जानलेवा हमला करने के फरार आरोपी शुभम पुत्र कृष्ण को एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, थानेदार राकेश ने बताया कि जानलेवा हमले के इस मामले में शुभम क भाई नवम भी आरोपी है और उसकी तलाश की जा रही है। वहीं, पुलिस ने शुभम को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। स्मरणीय है कि थाना तहसील कैंप में रविंद्र की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 3(5) व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### आरएसएस स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**पानीपत।** पानीपत के सौंदापुर स्थित आरएसएस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कला संगम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अधिवक्ता सेवाराम, अंकुश, चेयरमैन वीरेंद्र सैनी, कपिल चौहान ने भाग लिया। जबकि विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। वहीं, प्रधानाचार्या ललिता शर्मा ने अतिथियों से मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करवाया।

### कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**पानीपत।** दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट तथा जिला विधिक प्राधिकरण पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में ज्योति कॉलोनी बरसत रोड में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक प्राधिकरण से राजेश गर्ग ने लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से बताया। वहीं एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, किरण शर्मा, दिनेश जून, अनिल रोहिला, रामा ने मजदूर वर्ग को कानूनन व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

### कांग्रेसियों ने बैठक की

**समालखा।** पानीपत के गांव करहंस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सरपंच यशपाल सहरावत के निवास पर राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष फोम नाल की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस अवसर पर आजाद सिंह, बलबीर शर्मा, अशोक सहरावत, विजेंद्र सिंह, हिमांशु सहरावत, जॉनी सहरावत, सुरेंद्र सिंह, भगत सिंह, राजवीर फौजी, यशपाल अहलावत, शमशेर सिंह, राममेहर सहरावत, धर्मवीर सहरावत आदि मौजूद रहे।

### रेडक्रास ट्रैनिंग कैंप का शुभारंभ आज

**पानीपत।** रेडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण ने जानकारी देते हुए बताया की महासचिव भारतीय रेडक्रास डॉ. सुनील कुमार सोमवार तेइस फरवरी को पांच दिवसीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर उद्घाटन करेगे। यह आयोजन एसडी कॉलेज पानीपत में होगा। यह कार्यक्रम 27 फरवरी तक चलगा।

### निर्धनों के लिए वरदान है हैप्पी योजना

**पानीपत।** डीसी डॉ.वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार की अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। महत्वाकांक्षी योजना का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरतमंद परिवारों को न केवल राहत दे रहा है, सम्मानजनक और सुलभ परिवहन सुविधा भी प्रदान कर रहा है।

## आदर्श जन सेवा समिति ने निर्धनों को राशन बांटा

# जरूरमंदों की सेवा करना ईश्वरी कार्य : भाटिया



पानीपत। आदर्श जन सेवा समिति के पदाधिकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

ऐसे सामाजिक संगठन समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के तहसील कैंप फतेहपुरी चौक स्थित रामलीला ग्राउंड में आदर्श जन सेवा समिति द्वारा आयोजित 15वां वार्षिक महोत्सव एवं 181वां मासिक राशन वितरण कार्यक्रम सामाजिक सेवा की भावना का सशक्त उदाहरण बना। इस गरिमामय कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद एवं वंचित परिवारों को मासिक राशन वितरित किया गया, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने का संदेश दिया गया। आयोजन का उद्देश्य केवल सामग्री वितरण तक सीमित न होकर समाज में सेवा, सहयोग, करुणा एवं सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करना रहा। जरूरमंदों की सेवा करना ईश्वरी कार्य है। इस अवसर पर पार्षद अंजलि शर्मा, सतीश शर्मा, प्रवीण नारंग, यश माटा, महेंद्र गंगवानी, विजय सहगल, रोहतास देशवाल, सोनू आदि उपस्थित रहे।

### 181 माह से राशन वितरण किया जा रहा

वहीं, नवीन भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि आदर्श जन सेवा समिति द्वारा निरंतर 181 माह से राशन वितरण जैसे सेवा कार्य किया जाना अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक संगठन समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं तथा जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कस्तूरबा गांधी को नमन किया

- कस्तूरबा गांधी सशक्त महिला नेत्री थी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

राष्ट्रपिता मोहन दास कर्मचंद गांधी की धर्मपत्नी व स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख योद्धा कस्तूरबा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर गांधी ग्लोबल फैमिली (जीजीएफ) के आह्वान पर पानीपत स्थित निर्मला देशपांडे संस्थान में श्रद्धांजलि सभा हुई। वहीं, यह कार्यक्रम गांधीवादी मूल्यों, अहिंसा, सत्याग्रह व महिला सशक्तिकरण के संदेश को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।



पानीपत। स्वतंत्रता सेनानी कस्तूरबा गांधी को पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कानूनविद् राम मोहन राय आदि। फोटो: हरिभूमि

### स्वतंत्रता संग्राम में आगे आने के लिए प्रेरित किया

मुख्य वक्ता गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव कानूनविद् राम मोहन राय ने माता कस्तूरबा गांधी के जीवन, उनके त्याग, धैर्य और स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी सशक्त महिला नेत्री थी। उन्होंने सत्याग्रह आंदोलनों में सक्रिय भाग लिया और महिलाओं को स्वतंत्रता संग्राम में आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गांधीजी के परिवार और उनके आदर्शों को आज के युवाओं के लिए प्रासंगिक बताते हुए कहा कि अहिंसा और सत्य का मार्ग ही विश्व शांति की कुंजी है।

### दुकान से तीन लाख का सामान चोरी

**पानीपत।** पानीपत की बिशन स्वरूप में स्थित नरेश इलेक्ट्रॉनिक्स नामक दुकान से महिला चोर गिरोह ने ताले तोड़ कर दुकान के अंदर से करीब दो लाख आस्सी हजार रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। दुकान मालिक नरेश निवासी तहसील कैंप ने थाना सिटी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में पता चला कि रात दो बजे पांच महिलाओं ने दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं, हुलिए से ये महिलाएं कूड़ा बीनने वाली लग रही हैं, जिन्होंने रेकी करने के बाद इस चोरी को अंजाम दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पानीपत को हरित करने को आगे आए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

- आईबी कॉलेज में एनएसएस युनिट का ग्रीन इंडिया थीम पर कैंप आयोजित

आईबी पीजी कॉलेज में एनएसएस युनिट का एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। जिसमें थीम ग्रीन-इंडिया रहा। शिविर का प्रारंभ योगाभ्यास से हुआ, जिससे सभी स्वयंसेवकों को एकाग्रता का संदेश दिया गया। इधर, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने स्वयं सेवक विद्यार्थियों संबोधित करते हुए कहा कि भारत को हरा-भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं और हरित भारत का निर्माण करें।



पानीपत। आईबी कॉलेज में पौधे रोपते हुए युवा शक्ति। फोटो: हरिभूमि

# ऑनलाइन काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

अंकन साहित्यिक मंच की ओर से मंच संस्थापक डॉ.राणा गनौरी की अध्यक्षता में ऑनलाइन काव्य गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि विकास पानीपती व सूत्रधार भारत भूषण वर्मा रहे। सभी रचनाकारों का स्वागत एवं धन्यवाद मंच संरक्षक डॉ. एपी जैन ने किया। डॉ. राणा ने सुनाया कि मिजाज वक्त का बिगड़ा है, क्या किया जाए? कभी कुछ आपने सोचा है, क्या किया जाए? यह इंद्रजाल सा लगता है जो हमें 'राणा', इसी का नाम ही दुनिया है, क्या किया जाए। विकास पानीपती ने सुनाया कि रहोगे चार दिन जो साथ उसके, यकीं कर लोगे तुम भी इस बयां पर; कदम पड़ते नहीं उसके जमीं पर, वह रहता है हमेशा आसमां पर।



पानीपत। अंकन साहित्यिक मंच की ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में भाग लेते हुए कविगण।

### कविताएं सुना कर सभी का मन मोहा

डॉ. एपी जैन ने सुनाया कि दुनिया में कितनी मक्कारियां हैं, फिर भी यह ख़ूबसूरत है, है ना, जीवन में कितनी दुश्वारियां हैं, फिर भी यह ख़ूबसूरत है, है ना, शूल ही तो गुलाब की हिफ़ाज़त करते हैं, तब तो जीवन, कांटों घिरे फूल की किलकारियां हैं, इसीलिए ख़ूबसूरत हैं, है ना। वहीं, डॉ. रानी रजनी, डॉ. सोनिया सोनम 'अक्स', डॉ. अंजलि दीवान, डॉ. कंचन प्रभाती, रेनु शर्मा, नरेश लाभ, अनिल कुमार रोहिला, चंद्रशेखर आजाद आदि ने अपनी कविताएं सुना कर सभी का मन मोह लिया।

# इंसान को तनाव मुक्त करता है राजयोग

- ज्ञान मानसरोवर में शिव परमात्मा को कैसे करें प्रसन्न विषय पर दिव्य सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

ब्रह्माकुमारीज पानीपत सर्कल द्वारा शिव परमात्मा को कैसे करें प्रसन्न विषय पर दिव्य सम्मेलन का आयोजन ज्ञान मानसरोवर गांव थिराना में हुआ। वहीं, मुख्य वक्ता ज्ञान मानसरोवर निदेशक राजयोगी भारत भूषण ने विषय को स्पष्ट करते हुए बताया कि भगवान शिव निराकार, ज्योति बिंदु स्वरूप, परमधाम निवासी और समस्त आत्माओं के पिता हैं। उन्हें प्रसन्न करने का सच्चा मार्ग है पवित्रता, शुद्ध संकल्प, राजयोग ध्यान और सेवा भावना। उन्होंने कहा कि जब आत्मा अपने मूल स्वभाव शांति, प्रेम और आनंद में स्थित होती है, तभी जीवन में दिव्यता का अनुभव होता है। कार्यक्रम में सान्निध्य के रूप में संचालिका सफीदों केंद्र बीके कविता, संचालिका सुखदेव नगर बीके बिंदु, संचालिका तहसील कैंप एवं बीके सुनीता दीदी ने भी भगवान शिव पर अपने विचार व्यक्त किए। जबकि कार्यक्रम में विशेष अतिथि गांव आसन कलां के सरपंच जोगिंदर ने आध्यात्मिक मूल्यों को समाज की आवश्यकता बताते हुए कहा कि आज के तनावपूर्ण वातावरण में आत्मिक शांति और सकारात्मक चिंतन ही सच्चा समाधान है। मंच संचालन बीके दिव्या ने किया। डॉ.राजीव ने सभी का आभार जताया, जबकि पावनी, हिमांशी व रोनिका ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।



पानीपत। ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर में दिव्य सम्मेलन में भाग लेती नारी शक्ति।



पानीपत। जैन भागवती दीक्षा कार्यक्रम में रथ पर सवार जैन साध्वी बनी विनीता वर्मा व उनके परिजन। फोटो: हरिभूमि

# दीक्षा लेकर महासाध्वी विश्रुतश्री महाराज बनी विनीता

**पानीपत।** श्री एसएस जैन सभा गांव राजाखेड़ी की ओर से जैन भागवती दीक्षा कार्यक्रम हुआ। वहीं, जैन भागवती दीक्षा समारोह में हरियाणा के साथ-साथ राजस्थान दिल्ली मध्य प्रदेश महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश उत्तराखंड आदि राज्यों से आए हुए श्रावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुओं के मंगलपाठ से गांव में महिलाओं ने विशाल कलश शोभायात्रा निकाली। जबकि राजकीय स्कूल के मैदान में आयोजित दीक्षा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बेटी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि गुरुओं के बताए मार्ग पर चल कर मानवताका भला करें। इधर, वैरागन बेटी वीनिता वर्मा ने बताया कि मेरे वैराग्य की राह में मेरे परिवार का पूरा सहयोग रहा है। वहीं, अब मुझे गुरु भगवंतों की सेवा करनी है। धर्ममुनि जी महाराज ने दीक्षा दी व विनीता वर्मा को नवदीक्षिता जैन साध्वी बनने पर महासाध्वी विश्रुतश्री जी महाराज नाम दिया गया।

# आरक्षण के लिए एकजुट हों: मलिक

- गांव नौल्था की गोशाला में जाट आरक्षण आंदोलन के बलिदानियों के परिजनों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के तत्वावधान में रविवार को गांव नौल्था गोशाला परिसर में जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान बलिदान हुए बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों को सम्मानित किया गया। समिति के राष्ट्रीय संयोजक यशपाल मलिक ने कहा कि बलिदानियों का बलिदान समाज हमेशा याद रखेगा। आरक्षण के मामले में सरकार की नीयत ठीक नहीं रही। अभी आरक्षण की लड़ाई अधूरी है। लड़ाई को जारी रखने के लिए जल्द ही गांव स्तर पर कमेटियां बनाई जा रही है। कमेटियां बनाने पर अगली रणनीति बनाई जाएगी। जाट बिरादरी को आरक्षण का हक लेने को एक जुट होना होगा।



पानीपत। अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति द्वारा सम्मानित बलिदानियों के परिजन। फोटो: हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

कार्यक्रम में बलिदानी सुनील श्योराण लाडवा के भाई अनिल श्योराण, बलिदानी दिलबाग पांची की माता प्रेमो देवी, राजेश खोखर शामडी के पिता रघबीर सिंह, संदीप पहल घुमड़ के चाचा कृष्ण पहलवान, प्रवीण कोडाण कबलाना के भाई नवीन व अजय मलिक आहुलाना की माता ओमपति को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप दहिया, प्रदेशाध्यक्ष गंगाराम श्योराण, प्रदेश प्रभारी आजाद लठवाल, घनघस खाप के प्रदेश अध्यक्ष जगदीप घनघस, दिलावर मांडी, सुलतान सिंह, जोगेंद्र जग्गी, शमशेर पूनिया, दिलबाग बिंझौल, सूरजभान जोधन, सूरजमल जागलान, राजकुमार मलिक, नवाब अली, कप्तान सोनीपत, देवेन्द्र जागलान व दयानंद देशवाल शामिल रहे।

# एआई समिट में प्रदर्शन घिनौनी हरकत : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



- विदेशी मेहमानों के समक्ष कांग्रेसियों की देश की तरक्की की विरोधी

सांसद कार्तिकेय शर्मा।

राज्यसभा में सांसद कार्तिकेय शर्मा ने दिल्ली में एआई समिट के दौरान कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन की कडे शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेसियों ने दलगत राजनीति से उपर उठ कर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जो प्रदर्शन किया है वह दुखद होने के साथ साथ कांग्रेसियों की देश के तरक्की की विरोधी मानसिकता को भी उजागर करता है। सांसद कार्तिकेय ने कहा कि एआई समिट विश्व स्तरीय सम्मेलन था, जिसमें दुनिया भर से मेहमान आए हुए थे, उनके सामने प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने देश की छवि को धूमिल करने की दुखद चेष्टा की है। उन्होंने का कि एआई समिट, भाजपा ने नहीं बल्कि भारत सरकार ने आयोजित की थी। समिट का उद्देश्य दुनिया के सामने भारत की तकनीकि प्रौद्योगिकी की ताकत का प्रदर्शन करना था। वहीं, कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर इसे कलंकित करने का प्रयास किया है। यह व्यवहार देश के भविष्य और युवाओं के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हर युवा को सरकारी नौकरी मिलना संभव नहीं है। वहीं, हर युवा को रोजगार मिले यह सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

### वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की हुई मासिक बैठक

**पानीपत।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक श्री हनुमान चालीसा के पाठ से आरम्भ हुई। बैठक के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं उद्योगपति प्रेम सचदेवा रहे। बैठक में समिति के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सेठी, महामंत्री ओम ढींगड़ा, उपेंद्र दुआ, ईश्वर शर्मा, राकेश गोयल, ओपी चुघ, धर्मवीर आर्य, प्रमोद आहुजा, बलजीत राय, अर्जुन दास वलेचा, श्री राम कत्याल, सुभाष जैन, बाल कृष्णन चावला, सुरेन्द्र मोहन चुघ, पुरूषोत्तम शर्मा व हरीश खुराना आदि मौजूद रहे।

### नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** जरूरतमंद लोगों की सेवा से कोई बड़ी सेवा नहीं है। यह बात इसराना के खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में हेल्थ चेकअप कैंप लगाने वाले डॉक्टर संचित गोयल ने कही। डॉ. संचित गोयल व डॉ. पलक गोयल ने कैंप में नागरिकों के दांतों, त्वचा रोग, हेयर ट्रांसप्लांट, अनचाहें बालों, बालों का झडना, सफेद दाग, मस्सा, तिल, त्वचा टैग की जांच की।

### इंतजार हत्याकांड की जांच शुरू

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने इंतजार निवासी गांव चुलकाना की हत्या के केस की जांच नए सिरे से चालू की है। इंतजार पेशे से मजदूर था और वहीं, वह बुधवार से लापता था। इधर, पत्नी जब इंतजार की गुमशुदी की शिकायत लेकर थाना पहुंची तो वहां पुलिस ने गांव जौरासी खास के खेतों में रजवाहे के पास खून से लथपथ हालत में मिले युवक के शव का फोटो दिखाया। वहीं, मृतक की शिनाख्त इंतजार के रूप में उसकी पत्नी ने की। इधर, थानेदार समालखा ने बताया कि इंतजार के मौत के मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### गोशाला को 11 लाख का दान दिया

**पानीपत।** जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने रविवार को बाल गोपाल कृष्ण गोशाला मांडी मे मुख्यतिथि शिरकत कर ग्रामवासियों से संवाद किया। वहीं, भाजपा की विकसित सोच के साथ गोशाला कमेटी को 11लाख रुपये के अनुदान राशि की घोषणा की।

कार्यक्रम | हुडा सेक्टर-17 में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

# हिंदू समाज की एकता ही सबसे बड़ी शक्ति:भीम



हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

हुडा सेक्टर-17 के कम्युनिटी सेंटर में विराट हिंदू सम्मेलन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ सफलतापूर्वक संपंन हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, मातृशक्ति, युवाशक्ति एवं धर्मप्रेमी नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इधर, महामंडलेश्वर श्री लोकेश दास महाराज, पीठाधीश्वर, स्वामी जगन्नाथ आश्रम, ऋषिकेश के पावन सान्निध्य में सम्मेलन हुआ। जबकि सम्मेलन में अतिथि के रूप में श्याम लाल गर्ग, चंद्रेश्वर शर्मा, मेहर चंद छाबड़ा, सूरजभान, वेदप्रकाश मेहता, देवेन्द्र दत्ता, पार्षद अनिता परुथी, सुशील गौड़ ने हिंदुओं को एकता का पाठ पाया।

### कलश यात्रा निकाली

सम्मेलन में महिलाओं द्वारा कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संत आशीर्वचन व भंडारे का आयोजन हुआ। जबकि विनोद सैनी, महेंद्र दत्त शर्मा, रमेश्वर दास कल्याण, प्रेम कंसल, नवीन बतरा, हरीश अरोड़ा, विपिन बजाज, सुनील ग्रोवर, ललित नागपाल, नवीन बत्रा आदि ने सम्मेलन के सफल बनाने में अपना सरहानीय योगदान दिया।

### आभार जताया

कार्यक्रम संयोजक भीम सचदेवा प्रधान, श्री राम दशहरा कमेटी, बरसत रोड ने सभी संत-महात्माओं, अतिथियों, आयोजन समिति के सदस्यों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों का आभार जताते कहा कि हिंदू समाज की एकता देश की सबसे बड़ी शक्ति है। वहीं हिंदु सम्मेलन एकजुट होने बहुत ही सहायक है।

### नशे के खिलाफ जागरूक किया

- लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की नशा मुक्त टीम ने समालखा में वार्ड छह, सात व आठ में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस टीम ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। लागों को बताया गया कि नशे की लत कैसे धीरे-धीरे व्यक्ति को अपने जाल में फंसा लेती है और समय रहते इससे बचाव कितना आवश्यक है। वहीं, नशे के आदी लोगों व मादक पदार्थ की बिक्री करने वालों की जानकारी पुलिस को दें।

## खबर संक्षेप




### एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली प्रभातफेरी

**बराड़ा।** विश्वविद्यालय-स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर, "युवाओं के लिए डिजिटल साक्षरता" का दूसरा दिन सुव्यवस्थित दिनचर्या और ऊर्जावान गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। महर्षि मार्कंडेश्वर (मानित विश्वविद्यालय) में लग रहे शिविर में उत्तर क्षेत्र के विभिन्न विश्वविद्यालयों के लगभग 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कैंप के दिन की शुरुआत प्रातः 6:15 बजे प्रभात फेरी से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने व्यायाम और योगाभ्यास कर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजगता का संदेश दिया। उद्घाटन सत्र की शोभा विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. डॉ. बी श्रीधर रेड्डी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बढ़ाई। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में युवाओं को डिजिटल साक्षरता के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया।

### साझा डिजिटल पहल से मिलेगी मजबूती

**अंबाला।** क्लाउड सुरक्षा क्षेत्र में टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों में से एक भारती एयरटेल के साथ मिलकर एआई एंड साइबर थ्रेट रिसर्च सेंटर – इंडिया" के शुरुआत की घोषणा की है। यह एक सांझा डिजिटल पहल है, जिसका उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा क्षमता को मजबूत करना है। यह दूरसंचार, बैंकिंग और ऊर्जा जैसे देश की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों, उद्योगों और प्रमुख डिजिटल संपत्तियों की रक्षा करने पर केंद्रित है। साथ ही यह भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल वातावरण में भरोसेमंद एआई के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए भी समर्पित है।

### डेरे को लेकर दो किन्नर गुटों में विवाद

**अंबाला।** डेरे के मालिकाना हक के लिए किन्नरों के दो पक्षों के बीच विवाद खुलकर सामने आ गया है। एक पक्ष से पूनम महंत के साथ 12 किन्नरों ने दूसरे पक्ष पर डेरे पर अवैध कब्जे व मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। पहले किन्नर अंबाला एसपी कार्यालय पहुंचे लेकिन उनके न होने के बाद वह थाने में पहुंचे। पूनम महंत व अन्य किन्नरों ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति खुद को फर्जी तरीके से महंत बताकर माजरी बकरा मंडी स्थित उनके पारंपरिक डेरे पर हक जमा रहे हैं। आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति पहले ही समुदाय से बेदखल किया जा चुका है। विरोध पर उनके साथियों से मारपीट हुई। किन्नरों ने चेतावनी दी कि यदि उन्हें जल्द न्याय न मिला तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। अंबाला शहर थाना प्रभारी सुरेश ने कहा कि दोनों पक्षों को बुलाया था उनमें समझौता हो गया है।

### शराब समेत 3 गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर, बलदेव नगर और नारायणगढ़ की पुलिस टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए तीन आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 37 बोतल और 3 पव्वे अवैध देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की है।

# ग्रैंड पैरेंट्स डे पर नृत्य के जरिए खूबसूरत अंदाज में बयान की दादा-दादी और नाना-नानी की अहमियत

## गुजराती-पंजाबी डांस पर नन्हें छात्रों ने मचाया धमाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में नर्सरी विंग के बच्चों के द्वारा ग्रैंड पैरेंट्स डे के कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के दादा-दादी ,नाना-नानी को आमंत्रित किया गया। बच्चों ने सभी ग्रैंड पैरेंट्स का स्वागत तिलक लगाकर और रक्षासूत्र बांधकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी गान से किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती के मूल्यों को आधार बना कर डीएवी की नींव रखी गई। उन्ही की सकारात्मक सोच के साथ डीएवी को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रैंड पैरेंट्स की परिवार में खास जगह होती है। दादा-दादी हर परिवार के आधार स्तंभ होते हैं। वे सबका सहारा बनते हैं और हमें हमारी परंपराएं सिखाते हैं। परिवार के संस्कार हमें हमारे दादा-दादी व नाना-नानी से मिलते हैं। बच्चे अपने ग्रैंड पैरेंट्स के बहुत लाडले होते हैं। उनके साथ बहुत सुरक्षित महसूस करते हैं। बड़े बुजुर्ग परिवारों को एक सूत्र में बांध कर रखते हैं और उनके बताए गए मार्ग पर चलकर बच्चे सही राह और तरक्की पाते हैं। हमें सदा उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की। बच्चों ने अपने प्यारे-प्यारे दादा और दादी का कार्यक्रम में स्वागत ईश्वर वंदना के साथ किया। कार्यक्रम में नर्सरी के बच्चों ने फैमिली सांग के माध्यम से अपने परिवार में दादा-दादी और नाना नानी की अहमियत को दिखाया कि किस तरीके से छोटे-छोटे बच्चे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से प्रेम करते हैं। उनके नक्शे कदम पर चलकर अपने घर का व परिवार का नाम रोशन करते हैं। बच्चों ने गुजराती डांस के माध्यम से माहौल को और अधिक उत्साहवर्धक और मनोरंजक बनाया। नन्हे बच्चों ने पंजाबी सांग पर गिद्दा और अपने मां-बाप की अहमियत को दिखाया। योग के माध्यम से कैसे हम अपने शरीर को स्वस्थ और चुस्त रख सकते हैं यह छोटे-छोटे बच्चों ने अलग-अलग स्टैप्स करके सबको बताया। बच्चों ने इंग्लिश सांग पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी जिसे देखकर सभी प्रफुल्लित हुए। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगीले पंजाब की कुछ झलकियां दिखाते हुए माहौल को बहुत मनोरंजक और उत्साहवर्धक बना दिया,जिसे सभी को अनंदित किया। कार्यक्रम में स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन परिचय को सुंदर तरीके से दिखाया। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे बच्चों को प्रधानाचार्य द्वारा बधाई दी गई तथा पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी दी गई। जिसे देखकर बच्चों का जोश व उत्साह देखते ही बनता था और ग्रैंड पैरेंट्स अपने नन्हे-नन्हे पोता-पोती को पुरस्कार पाते हुए देखकर बहुत ही प्रसन्नचित हुए। इस कार्यक्रम में 400 से ज्यादा बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम मे भाग लिया।




अंबाला। कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियां देते नन्हे छात्र। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा जिला कार्यालय "अंब कमल" में सुनी कार्यक्रम की 131वीं कड़ी

# हर व्यक्ति को जागरूक नागरिक बनाने का संदेश देती है पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

भाजपा जिला कार्यालय "अंब कमल" अंबाला शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मन की बात कार्यक्रम की 131वीं कड़ी को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया के साथ सुनने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने बताया कि इस प्रेरणादायी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता एवं जनभागीदारी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए, जो हम सभी के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत हैं।

बाद में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सतीश पुनिया ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में खेल, संस्कृति, उद्योग और आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे विषयों पर संवाद अद्भुत है। हर एपिसोड में देश के कोने.कोने से जुड़े प्रेरक प्रसंग और स्वदेशी को बढ़ावा देने का आह्वान हमें एक जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रेरणादायी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता एवं जनभागीदारी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार सांझा किएए जो हम सभी के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि मन की बात देश के कोने कोने में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है। यह केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि समाज के उन अनदेखे नायकों को पहचान दिलाने का सशक्त मंच है जो चुपचाप राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचार स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, युवा नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जन जागरूकता बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने वोकल फ़ॉर लोकल यानि स्वदेशी का आह्वान कियाए स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत और फिर विकसित भारत बनेगाए इसलिए हमें हमेशा स्वदेशी को ही बढ़ावा देना है। इस अवसर पर अरुण भान, करमचंद गोल्डी सैनी, हितेश जैन, पिंकू सूद, रोहित गुप्ता, अनमोल सोबती व कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



अंबाला। मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### स्वेदशी से आत्मनिर्भर भारत और फिर विकसित भारत बनेगा

*अंबाला। भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी "मन की बात" कार्यक्रम के माध्यम से देश व दुनिया को बहुत कुछ देते हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने वॉकल फॉर लोकल यानि स्वदेशी का आह्वान किया, स्वेदशी से आत्मनिर्भर भारत और फिर विकसित भारत बनेगा, इसलिए हमें हमेशा स्वदेशी को ही बढ़ावा देना है। शर्मा रविवार को अंबाला छावनी के शास्त्री कॉलोनी के बूथ नंबर 136 में भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले कहा था कि संगठन तभी मजबूत होगा जब बूथ मजबूत होगा, इसलिए मन की बात कार्यक्रम बूथ में होना चाहिए। मन की बात में कार्यकर्ता व क्षेत्र के लोगों की भी भागीदारी होनी चाहिए। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा का वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल विज व अन्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, मंडल प्रधान प्रवेश शर्मा, नपा सदस्य प्रमोद कुमार, बलजिंदर पाल सिंह, विपिन खन्ना, बूथ प्रधान दीपक कौशिक, सतीश शाक्य, कुलदीप सिंह, रवि वर्मा, दीपक भसीन, राजेश अग्रवाल, डॉ. हरप्रकाश शर्मा, सन्नी तुल्ली, सोनिया देशवाल, विवेक जैन, राजकुमार, अरविंद, संजीव, दीपक, संजय, गौरव, आकाश, जुगल किशोर गिरधारी, रजनीश गोंबर, सतपाल, जस्सी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।*



अंबाला। पार्टी नेताओं के साथ मौजूद महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### 20 करोड़ की लागत से तैयार होगा नप का नया भवन

**अंबाला।** नगर परिषद की नई इमारत 20 करोड़ में बनेगी। 78 करोड़ के नए प्रस्ताव को राज्य सरकार ने नामंजूर कर दिया है। निकाय विभाग ने अब नए सिरे से प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साफ कहा कि लागत 20 करोड़ से अधिक न हो। इसके बाद ही नगर परिषद की इमारत का निर्माण शुरू करवाया जा सकेगा। नगर परिषद की इमारत के निर्माण के लिए तीन बार योजनाएं तैयार की गई। पहली योजना की अनुमानित लागत 101 करोड़ के करीब रखी गई लेकिन अनुमानित लागत अधिक होने के कारण योजना को प्राथमिक चरण में ही रद्द कर दिया गया। इसके बाद 88 करोड़ की योजना तैयार की गई जोकि मल्टीप्लेक्स की तरह थी। इस परियोजना में तीन मंजिला इमारत में सिनेमा हॉल, नगर परिषद कार्यालय, पार्किंग की सुविधा और कैफेटेरिया की सुविधा थी लेकिन इसे भी मान्यता नहीं दी गई। इसके बाद नवंबर माह में तीसरा प्रस्ताव तैयार किया गया जोकि 78 करोड़ रुपये का था। इसकी ड्राइंग भी सलाहकार से तैयार करवाई गई लेकिन निकाय विभाग ने इस प्रस्ताव को भी नामंजूर कर दिया गया। अब नए सिरे से अधिकारी नया प्रस्ताव तैयार करने में जुटे हैं। इसका बजट 20 करोड़ रूपये तैयार किया जाएगा।

### नशे के दुष्परिणामों और कानूनों की जानकारी दी

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज की और से आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर ज्ञानवर्धक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशुतोष शर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ भाग लिया। दिवस के प्रथम सत्र में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर तैयार कर समाज को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए जनहित के मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। दिवस का मुख्य आकर्षण एडवोकेट नायब सिंह का व्याख्यान रहा जिसका विषय था - "नशा एवं उससे जुड़े कानूनी मुद्दे"।

### 12 किलोग्राम भुक्की के साथ युवक-युवती काबू

**अंबाला।** अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय मार्ग पर झरमड़ी बैरियर के पास पुलिस ने गश्त के दौरान 12 किलोग्राम भुक्की के साथ एक युवक और युवती को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बठिंडा जिले के कृष्ण सिंह और रमणदीप कौर के रूप में हुई है। थाना लालड़ू के एएसआई जसविंदर सिंह के अनुसार पुलिस टीम हरियाणा-पंजाब सीमा पर स्थित झरमड़ी बैरियर के पास नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान एक युवक और युवती बैग लिए संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही दोनों वहां से भागने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू किया। तलाशी लेने पर उनके बैग से 12 किलोग्राम भुक्की बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। उन्हें दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस यह पता लगाने का प्रयास करेगी कि बरामद भुक्की कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। थाना पुलिस ने बताया कि नशे के खिलाफ उनका अभियान लगातार जारी रहेगा और इस धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गांधी मार्केट में एक ही रात में दस दुकानों में चोरी, एसी के कॉपर पाइप व तार ले गए चोर

### सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई वारदात, केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला कैंट की गांधी मार्केट में चोरों ने एक ही रात में 10 दुकानों के बाहर व छतों पर लगे एसी के कॉपर पाइप व तार चोरी कर लिए। चोरों ने रात वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब दुकानदार दुकानें खोलने पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। एक के बाद एक दुकानदारों ने चोरी होने की बात कहीं। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। अंबाला कैंट थाना पुलिस ने दुकानदारों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांधी मार्केट में दुकानों के पीछे



मुख्य नाला होने के कारण चोर पीछे से आसानी से भाग जाते हैं। चोरों ने गांधी मार्केट में जापान इलेक्ट्रॉनिक्स, लवली इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल सैल्यूशन, पंजाब कंप्यूटर, एबी इंटरप्राइजेज, सैनिक कंप्यूटर, पीएम इंटरप्राइजेज, टेक फोर इनफोटेक, प्रिंस हेयर ट्रेडर्स व एक और दुकान में चोरी की। दुकानदार जसविंद्र, कुलविंद्र, सुदर्शन, तेजिंद्र, भरत ने बताया कि उनके साथ-साथ आसपास के कई दुकानों में चोरों ने एसी की कॉपर चोरी कर ली। जब अपने-अपने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि रात लगभग 2 बजे से 3 बजे के बीच चोरों ने मार्केट को निशाना बनाया। बेखौफ चोर दुकानों के बाहर व छतों पर चढ़कर एसी की कीमती कॉपर वायर काटते हुए दिख रहे हैं। फुटेज में दिख रहा है कि चोर चोरी किए गए सामान को बोरे में भरकर ले गए।

## गांवों में संचालित होंगी खेल नर्सरी, खिलाड़ियों को मिलेगा मासिक वजीफा और प्रशिक्षकों को मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

खेल विभाग द्वारा आगामी सत्र 2026-27 के लिए सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों तथा ग्राम पंचायतों में खेल नर्सरियां संचालित की जाएंगी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रारंभिक स्तर पर पहचान कर उन्हें सुनियोजित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह तथा 15 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को 2000 रुपये प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि खेल नर्सरी में नियुक्त प्रशिक्षकों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मानदेय दिया जाएगा। एनआईएस डिप्लोमा धारक प्रशिक्षकों को 25,000 रुपये प्रतिमाह तथा

**खास बातें**

- खेल प्रतिभाओं को प्रारंभिक स्तर पर पहचान कर सुनियोजित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है योजना का उद्देश्य
- प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी राज्य स्तरीय स्पर्धाओं में पदक अर्जित कर बन सकेंगे छात्रवृत्ति के पात्र

सिक्स वीक सर्टिफिकेट कोर्स, बीपीएड , एमपीएड अथवा नेशनल लेवल खिलाड़ी को 20,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है।

यदि कोई शिक्षण संस्थान अथवा ग्राम पंचायत नियमानुसार सफलतापूर्वक खेल नर्सरी का संचालन करती है तो उस नर्सरी को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। खेल नर्सरी में चयनित खिलाड़ियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक अर्जित कर छात्रवृत्ति के पात्र बन सकेंगे। खेल नर्सरियों में आर्चरी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बेसबॉल, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, कैनोइंग, साइकलिंग, फेंसिंग, फुटबॉल, जिम्नास्टिक्स, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, लॉन टेनिस, नेटबॉल, रोइंग, शूटिंग, सॉफ्टबॉल, स्विमिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, रेसलिंग, वुशु, कराटे, खो-खो, क्रिकेट, योग, स्केटिंग तथा इक्वेस्ट्रियन जैसे विभिन्न खेल शामिल किए गए हैं। उपायुक्त ने सभी पात्र शिक्षण संस्थानों, ग्राम पंचायतों एवं इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की है कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाकर जिले में खेल संस्कृति को सशक्त बनाने में सहयोग करें।

### वॉल्वो चालक की लापरवाही से हुए हादसे में बाइक सवार की मौत

**अंबाला।** चंडीगढ़ रोड पर सुल्तानपुर कट के पास एक सड़क हादसे में 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वह पंजाब के दप्पर में एक शादी समारोह से लौट रहे था। रास्ते में बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। इसी दौरान रोड पार करते समय वॉल्वो बस ने उनको टक्कर मार दी। हादसे के बाद पुलिस ने वॉल्वो बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मंगलई के रहने वाले राहुल ने पुलिस को बताया कि उनके पिता सुरेंद्र 20 फरवरी को पंजाब के गांव तोगापुर (दप्पर) में एक शादी में शामिल होने गए थे। 21 फरवरी की रात करीब 8:15 बजे सुरेंद्र ने अपनी बेटी पायल से फोन पर बात की थी। उन्होंने बताया था कि उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया है और वे थोड़ी देर में घर पहुंचेंगे। इसके बाद उनका फोन बंद हो गया।

प्रत्यक्षदर्शी अजय कुमार के अनुसार, सुरेंद्र सुल्तानपुर कट पर पैदल सड़क पार कर रहे थे। तभी चंडीगढ़ की ओर से आ रही एक वॉल्वो बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। हादसे की सूचना के बाद बलदेव नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए उनकी पहचान गांव मंगलई के सुरेंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने तत्काल परिजनों को सूचित किया और शव को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। बेटे राहुल के बयान पर बलदेव नगर थाना पुलिस ने वॉल्वो बस ड्राइवर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की नई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सुरेंद्र के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। बस चालक एक्सीडेंट के बाद मौके से फरार हो गया था। पुलिस सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बस की पहचान करने में जुटी है।

## परिवार में सद्भावना की कला विषय पर हुआ भव्य कार्यक्रम

# जीते जी अपनी जिंदगी को बनाएं स्वर्ग: वीना अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला शहर के कंचघर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से कला एवं सांस्कृतिक प्रभाग द्वारा परिवार में सद्भावना की कला विषय पर बहुत सुंदर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहुत से गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आर्ट एंड कल्चर विंग के चेयरपर्सन राजयोगीनी चंदरिका दीदी मौजूद रही।

उन्होंने परिवार में सद्भावना की कला विषय पर अपनी शुभ प्रेरणाएं दी कि हर व्यक्ति एक दूसरे को अप्रिशिएट करें। हरेक को माफ करके आगे बढ़े। खुद में परिवर्तन करने से परिवार में आपस में सद्भावना को हम बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में करनाल से जोनल कोऑर्डिनेटर राजयोगीनी ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी ने भी इस विषय पर अपनी शुभ प्रेरणाएं दी। दीदी ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की स्थापना के नवदशकोत्सव की सभी को बधाई दी। राजयोगी बीके विवेक भाई भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने संस्था की गतिविधियों से सबको अवगत कराया।

गायक राजयोगी ब्रह्माकुमार युगरत्न भाई ने भी अपने गीतों के माध्यम से सबको मंत्रमुग्ध किया और प्रभु प्रेम की स्मृति दिलाई। इस कार्यक्रम में वीना अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। उन्होंने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज की शिक्षाओं का निचोड़ हैं कि हमें जीते जी अपनी जिंदगी को स्वर्ग बनाना हैं। हम सबको ये होमवर्क करना हैं कि अपने को बदलकर परिवार में सद्भावना लानी हैं।

इस अवसर पर नटराज कला केंद्र के प्रतिभागीयों ने बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति के द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और रितविक ने आए हुए मेहमानों का बहुत सुंदर नृत्य के द्वारा सबका वेलकम किया। कार्यक्रम में डीईओ सुधीर कालरा ,सीए ओपी मोंगियो, एसपी गोयल, समाजसेवी रोमिल , अर्चना मनचंदा, पिंकी जग्गी, डॉक्टर कोहली, डॉक्टर कपिल वोहरा, डॉक्टर हिमांशु सिंगला मुख्य संचालिका राजयोगिनी शिवानी दीदी ने सभी का अभिवादन किया।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी किरण दीदी ने मंच का कुशल संचालन किया। चंदरिका दीदी और साथ में पधारे प्रेम दीदी ने ईश्वरीय सौगात दी।




अंबाला। कार्यक्रम के शुभारंभ पर दीप प्रज्जवलित करते मुख्य अतिथि व मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

### अंबाला पुलिस ने जीता पुलिस पब्लिक क्रिकेट कॉर्पोरेट टूर्नामेंट

**अंबाला।** पुलिस द्वारा एक माह से आयोजित प्रथम अंबाला पुलिस पब्लिक क्रिकेट कॉर्पोरेट टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में हरियाणा आर्म्ड पुलिस यानी एचएपी इलेवन को हराकर अंबाला पुलिस ने टूर्नामेंट जीत लिया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी एचएपी इलेवन की टीम ने 12 ओवरों में 60 रनों का लक्ष्य रखा। रनों का बिछा करने के लिए मैदान में उतरी अंबाला पुलिस की टीम शुरूआत से ही आक्रमक रही। छक्के व चौके के जरिये महज 9.1 ओवर में 6 विकेट खोकर 69 रन बनाए। इस तरह से अंबाला पुलिस ने 3 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। दो सेमीफाइनल में दिखने को मिले रोमांचक मुकाबले टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल एचएपी इलेवन व मीडिया वेलबीइंग इलेवन के बीच खेला गया। इसमें मीडिया वेलबीइंग पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान में आई थी लेकिन एचएपी इलेवन ने अपनी शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल अंबाला पुलिस व सुपर प्रीमियम इलेवन के बीच हुआ, जिसमें अंबाला पुलिस ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता टीम को डीएसपी वरिंद्र शर्मा ने पदक व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।